हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 2 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 तेल व पैरी नदी पर बना विशाल पुल, हजारों ...



14 अंचल में देवउठनी का पर्व पारंपरिक उत्साह ...





## भूरा माहो प्रकोप से धान फसल चौपट, महंगे कीटनाशक से मुसीबत बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खरीफ़ सीजन की धान फसल इस बार किसानों के लिए आफत बन गई है। खेतों में भूरा माहों किट के प्रकोप ने मेहनती किसानों की नींद उड़ा दी है। लगातार नमी बने रहने से यह कीट तेजी से फैल रहा है और फसल को नुकसान पहुँचा रहा है। ग्राम क्षेत्र के किसानों ने बताया कि धान के पौधों की पत्तियां सूखने लगी हैं और दानों का विकास रुक गया है। भूरा माहों की वजह से फसल पीली पड़ने लगी है। किसान रामलाल साहू ने बताया हम लोगों ने अब तक चार से पाँच बार कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर लिया, लेकिन कोई खास असर नहीं दिख रहा। उल्टा खर्च बढ़ता जा रहा है। किसान घनश्याम यादव का कहना है कीट के प्रकोप से पूरी फसल सूखने लगी है। दवाइयाँ भी बाजार में बहुत महंगी मिल रही हैं, जिससे लागत और बढ़ गई है। वहीं किसान तारक राम ने बताया व्यापारी मनमानी दर पर दवाइयाँ बेच रहे हैं। पहले जो दवा 700-800 रुपये में मिलती थी, अब वही 1200 से ऊपर में दे रहे हैं। किसान रामाधार यादव ने चिंता जताते हुए कहा "धान की फसल में इतनी मेहनत के बाद भी नुकसान झेलना पड़ रहा है। अब उम्मीद सिर्फ प्रशासन से है कि कोई राहत दी जाए। इधर कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि किसानों को नियमित निगरानी रखने और प्रमाणित दुकानों से ही कीटनाशक दवाएँ खरीदने की सलाह दी गई है। विभाग द्वारा गाँव-गाँव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि फसल को बचाया जा सके।

### दवाइयां बाजार में महंगी मिल रही, लागत बढ़ी





### खबर संक्षेप

#### नीलगिरी प्लांटेशन से पैरी उद्गम की खूबसूरती निखरी



**मैनपुर।** क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल पैरी उद्गम पहाड़ी के नीचे एक किसान के द्वारा अपने खेतो में नीलगिरी के पेड़ लगाये है चारो तरफ फैली हरि घास और सफेद फुल की हरियाली आने - जाने वाले लोगों के मन मोह रहा है।

#### कुर्मी समाज ने मनाई सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश



**छुरा।** देश के पहले उपप्रधानमंत्री और भारतरत्न से सम्मानित 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला गरियाबंद के तत्वावधान में जयंती समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर गरियाबंद जिले में निवासरत कुर्मी समाज के सभी फिरकों के पदाधिकारियों की उपस्थिति थी। कुर्मी समाज के लोगों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके महान विचारों को याद किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, छग प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला गरियाबंद के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा, जिला महामंत्री भानुप्रताप भारद्वाज, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विद्या वर्मा, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, चंद्रनाहु कुर्मी समाज दुल्ला उपक्षेत्र अध्यक्ष लोकेश चंद्राकर, तिरेला कुर्मी क्षत्रिय समाज लोहझर परिक्षेत्र अध्यक्ष लक्ष्मण वर्मा, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज से बृजबिहारी वर्मा, रुद्र वर्मा,पूर्व सचिव चमन चंद्राकर, सुनीता चंद्राकर, खूबचंद चंद्राकर, राजू चंद्राकर, फणीश चंद्राकर, महेश चंद्राकर शिशिर चंद्राकर, तुषार चंद्राकर, धर्मेंद्र चंद्राकर दिशांक चंद्राकर, बंशीराम चंद्राकर, नंदकुमार वर्मा आदि शामिल हुए। भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने सरदार पटेल के देश की एकता और अखंडता के लिए किए गए अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे सरदार वल्लभभाई पटेल ने 562 से अधिक रियासतों को मिलाकर एक अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि भारत का जो वर्तमान स्वरूप दिखता है वह सरदार वल्लभभाई पटेल जी की बदौलत ही है। कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा ने कहा कि आज का दिन कुर्मी समाज के लिए ही नहीं बल्कि हम सभी भारतीयों के लिए अत्यंत गौरव और प्रेरणा का दिन है। आज, 31 अक्टूबर को, हम भारत के महान सपूत, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मना रहे हैं, जिसे हम राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी जानते हैं। अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, अडिग संकल्प और असाधारण नेतृत्व क्षमता से उन्होंने खंड खंड भारत को एकता के सूत्र में पिरोया। इस दौरान समाज ने सरदार पटेल के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और राष्ट्रीय एकता तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संदेश दिया। समाज के युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

#### पेंशनर्स एसोसिएशन का दिवाली मिलन आज

**महासमुंद।** पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की मासिक बैठक एवं दिवाली मिलन समारोह 02 नवंबर 2025 अपरान्ह 3 बजे से गायत्री मंदिर परिसर बेमचा में तहसील अध्यक्ष राम कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है।

### कार्रवाई : 48 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार, उधारी के 1 हजार रुपए के विवाद में हुई हत्या

## युवक की हत्या कर लाश को पत्थर बांध तालाब में फेंका, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम के लोधिया तालाब में युवक का मर्डर कर लाश के साथ पत्थर बांधकर तालाब में फेकने वाले 4 आरोपियों को राजिम पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। इस अंधे कत्ल के चलते पिछले तीन दिनो से पुलिस काफी परेशान थी। लेकिन इस मामले में उन्हें बहुत जल्द सफलता मिल गई। जानकारी के मुताबिक जिस तालाब में युवक की हत्या कर पत्थर बांधकर डाल दिया गया था यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। मृतक युवक की पहचान नवापारा के दुर्गेश साहू के रूप में हुआ।

इतना पता चलते ही टीआई अमृत लाल साहू ने इसे बहुत ही गंभीरता से लिया और 48 घंटे के भीतर आरोपियो को धर दबोचा। टीआई श्री साहू ने बताया कि 30 अक्टूबर को लोधिया तालाब राजिम में किसी अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। एसपी गरियाबंद ने अज्ञात शव की पहचान एवं मामले की जांच के संबंध में थाना प्रभारी राजिम को निर्देशित किया गया। मर्ग जांच के दौरान प्रथम दृष्टया हत्या का अपराध पाये जाने से अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना राजिम एवं साइबर सेल द्वारा मुखबीर को सक्रिय किया गया। मुखबीर से सूचना मिली कि संदेही देवेन्द्र धीवर उर्फ देव राजिम व थनेन्द्र साहू उर्फ भोलू राजिम एवं दो विधि से संघर्षरत बालक की गतिविधियां संदिग्ध है। जिस पर चारों संदेहियों को अभिरक्षा में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई। टीआई श्री साहू ने बताया कि पूछताछ में संदेहियों ने 27 अक्टूबर को शाम लोधिया तालाब राजिम के पास मृतक दुर्गेश साहू को बुलाकर देवेन्द्र धीवर उर्फ देव एवं सभी लोग मिलकर दुर्गेश साहू को उधारी में दिये 1 हजार रूपए को वापस करने के लिये बोले। इस पर दुर्गेश साहू ने पैसा नही दूंगा बोला। इतना बोलते ही ये चारों आरोपियों का गुस्सा चढ़ गया। आवेश में आकर दुर्गेश साहू का हाथ पैर पकड़कर मारपीट किये। मारपीट करने के दौरान मृतक दुर्गेश चिल्लाने लगे। इस पर आरोपी देवेन्द्र धीवर ने पास में पड़े पानी पाउच के बोरी को उसके मुंह में ठूस दिया।



#### लात से मारपीट कर कमर में पत्थर बांधकर फेंका

टीआई श्री साहू ने बताया कि इसके बाद आरापियों ने हत्या करने के नियत से लगातार हाथ, लात एवं पत्थर से मारपीट करने लगे। जिससे दुर्गेश साहू की मृत्यु हो गई। दुर्गेश के मरने के बाद अब सवाल शव को छुपाने के लिए रहा। सो सभी आरोपी आनन-फानन में एक साथ मिलकर मृतक के हाथ, पैर को कपड़े बांधते हुए कमर में पत्थर बांधकर लोधिया तालाब के अंदर फेंक दिए और अपने-अपने घर चले गए। टीआई श्री साहू ने बताया कि हत्या के प्रकरण में आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से आरोपी देवेन्द्र उर्फ देव धीवर उम्र 18 वर्ष, थनेन्द्र साहू उर्फ भोलू उम्र 20 साल एवं दो विधि से संघर्षरत बालक को समक्ष गवाहो के सामने विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया।

## एक वोट से तय हुआ भाग्य साहू संघ बेलर परिक्षेत्र चुनाव में हरिराम साहू बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

तहसील साहू संघ फिंगेश्वर के अंतर्गत बेलर परिक्षेत्र चुनाव 31 अक्टूबर को साहू मंच स्कूल परिसर देवगांव में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच सम्पन्न हुआ। सुबह 9 बजे से शुरू मतदान शाम तक पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से चला। समाजजनों में चुनाव को लेकर गहरी दिलचस्पी देखी गई, और दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों के चलते मतदान, मतगणना और अंतिम परिणाम तक यह चुनाव किसी पंचायत चुनाव से कम नहीं रहा। चुनाव प्रक्रिया का संचालन जिला

#### अध्यक्ष पद पर तीन उम्मीदवार मैदान पर

अध्यक्ष पद पर हरिराम साहू, सिर्रीखुर्द 68 वोट, शेखर साहू, बेलर 67 वोट सेवक साहू, परसदाकला 1 वोट, निरस्त 1 वोट, कड़े मुकाबले में हरिराम साहू सिर्रीखुर्द मात्र 1 वोट से विजयी घोषित किए गए। निर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष हरिराम साहू, सिर्रीखुर्द, पुरुष उपाध्यक्ष रमेश साहू, खुड़सा, महिला उपाध्यक्ष अमरिका साहू, पूर्व सरपंच, पतोरा,संगठन सचिव (पुरुष)बालिक राम साहू, परसदाकलासंगठन सचिव महिला प्रमिला साहू। चुनाव परिणाम के उपरांत तहसील साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामजी साहू, कार्यकारिणी अध्यक्ष विष्णु साहू, संतूराम साहू, भोजराम साहू, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश साहू, पूर्व सरपंच संगीता साहू, सियाराम साहू, तत्कालीन परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रवीण साहू, शेखर साहू, पूर्व सरपंच रामाधार साहू, कुंज बिहारी साहू, उदय राम साहू पतोरा, प्रेमलाल साहू पतोरी, ग्रामीण अध्यक्ष अनूप साहू चरोदा, टिकेश साहू सीरीखुर्द, भुवन साहू देवगांव, विष्णु साहू चरभट्ठी, रामगोपाल, बनू, देवशरण सहित अनेक ग्रामीण एवं वरिष्ठ जनों ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों की उपस्थिति में शपथ वाचन हूई और हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

### कार्तिक पूर्णिमा में चंपारण में लगेगा मेला...



नवापारा-राजिम। पंचकोशी धाम के चंपेश्वरनाथ महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेला लगेगा। बताया गया है कि राम वन गमन क्षेत्र में मेले की तैयारी चल रही है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत मोर गंवई गंगा,महाभारत पंडवानी रखा गया है।



## छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों ने किया माल्यार्पण

**नवापारा-राजिम।** 1 नवम्बर छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के 25 वी वर्षगांठ के अवसर पर नगर के सदर मार्ग में स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण पूजा की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के पूर्व सभापति वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश तिवारी,नपा के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, मेघनाथ साहू, पार्षद अर्जुन साहू, अजय साहू, हेमंत साहनी, टिकेश गिलहरे, तरुण कंसारी, फागू देवांगन , चतुर जगत, राजा चावला, निर्माण यादव, रमाकांत शर्मा, मितेश शाह, मानसिंह ध्रुव, बल्लू देवांगन, नीलकंठ साहू, समारु कंसारी, दाऊ साहू, राजा चावला, टेकचंद साहू, कैलाश साहू, डॉ. रामकुमार शर्मा, बीरबल राजपूत पाटकर जी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

## चीतल का शिकार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में एक वन्यप्राणी चीतल का शिकार कर उसके मांस को खाने वाले आरोपी को वन विभाग की टीम ने पकड़कर कार्यवाही करते हुए जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार वनमंत्री केदार कश्यप, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरूण कुमार पांडे के मार्गदर्शन एवं शशिकानंद तथा उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन के नेतृत्व में वन विभाग की टीम को गोपनीय सूचना मिली थी कि ग्राम जुगाड़ के पास खेत में चीतल का शिकार किया गया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी गणेश नेताम पिता केसरी नेताम के घर से चीतल का 3.900 किलो भुना हुआ मांस बरामद हुआ, जबकि घटनास्थल से 710 ग्राम कच्चा मांस, तीर, धनुष और अन्य सामग्री जब्त की गई। एंटी पोचिंग एवं स्नीफर डॉग स्क्वायड की मदद से जांच में चीतल शिकार में प्रयुक्त जी.आई. तार के फंदे, घुंघरू, कुल्हाड़ी और छूरी भी जब्त किए गए। पूछताछ में आरोपी ने शिकार की बात स्वीकार कर ली। दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर 31 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें आज 1 नवम्बर को न्यायालय में पेश किया जाएगा। वन विभाग द्वारा आरोपी गणेश पिता केसरी नेताम पर कार्यवाही की गई है। जिसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9,31,49 (1)(क)(घ) एवं 50,51,52 के तहत आरोपी पाया गया जिसे आज 01 नवम्बर को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में सहायक संचालक गोपाल कश्यप, देवनारायण सोनी, वनपाल गंगाराम ठाकुर, पुनाराम साहू, मनोज ध्रुव, राकेश मारकंडे, चुरामन धृतलहरे, रोहित निशाद, भुपेन्द्र भेड़िया, पुरवेश निशाद, अजय, जगने, योगेश दीवान, रिंकी जोशी, टिकेश्वर साहू, पवन निशाद सहित एंटी–पोचिंग टीम, स्निफर डॉग स्क्वायड और पेट्रोलिंग दल के सदस्यों की प्रमुख भूमिका रही।



### शनिवार को अनेक स्थानों पर तुलसी विवाहोत्सव मनाया

## देवउठनी एकादशी आज भी मनाएंगे, बाजार में ग्राहकों का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

इस बार लक्ष्मी पूजा दीपावली का पर्व दो दिन मनाया गया। ठीक वैसे ही देवउठनी एकादशी को लेकर संशय की स्थिति बनी रही। आधे लोग शनिवार को देवउठनी मना लिए तो आधे लोग आज रविवार को मनाएंगे। इस पर्व को लेकर लोगो में उत्सुकता तो खूब रही। उल्लास का वातावरण भी रहा। हर घर आंगन में रंगे-बिरंगे रंगोली भी सजी। दरवाजे पे दीपावली की भांति मिट्टी के दीये जलाए गए। जलता हुआ यही दीये का प्रकाश दीपावली और छोटी दीपावली का अहसास कराता है। देवउठनी के खुशी में कहीं-कहीं अच्छी आतिशबाजी भी हुई। इस पर्व में नवापारा-राजिम का बाजार आबाद रहा। सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ झोला पकड़े बाजार में देखी गई। देवउठनी से संबंधित जिन्सो की खरीददारी करते रहे। मार्केट के हर पसरा में कोचई, चनाभाजी, बेर, सिंघाड़ा, शकरकांदा, आंवला, जाम, छीताफल, कमलफुल, फुलमाला और गोंदा फुल नजर आया। लोग जमकर खरीददारी किए। इन जिन्सों से हर किसी का झोला भरा हुआ दिखा। मतलब किसी के मन में ऐसा नही था कि आज देवउठनी है कि कल। हर कोई यही मानकर चले कि दो दिन का देवउठनी है तो दो दिन पूजा कर लेंगे। पूजा करने में आखिर हर्ज ही क्या है। वैसे अधिकतर सुहागिन महिलाएं देवउठनी का उपवास, व्रत शनिवार को रखी और बाकायदा तुलसी माता की पूजा और आरती भी धूमधाम से की।



#### गन्ना 100 रूपए जोड़ी बिका

खासबात यह रहा कि शहर के चप्पे-चप्पे पर गन्ना के पसरे लगे हुए थे। इस बार गन्ना जोड़ी 100 रूपए का रेट था। बावजूद लोग खुशी-खुशी खरीद रहे थे। क्योंकि पूजा में गन्ना का अहम रोल रहता है। लक्ष्मी पूजा और दीपावली के बाद इस पर्व को काफी धूमधाम के साथ मनाए जाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। देवउठनी से शुभ मुहुर्त प्रारंभ हो जाता है चाहे शादी विवाह का मामला हो या नया कार्य शुभारंभ करने का। मालूम हो कि पर्व चाहे कोई भी हो राजिम क्षेत्र में लोग काफी धूमधाम और विधिविधान से मनाते है। पर्व की खुशियां धर्मनगरी राजिम में देखते ही बनती है। फिर तो दीपावली और देवउठनी की तो पूछो ही मत। बहुत अधिक उत्साह और उल्लासमय वातावरण में यहां पर्व मनाया जाता है। बात यदि दीपावली की करें तो दुकानों या कंपनियों में कार्यरत अधिकतर स्टॉफ अभी काम पर लौटे नहीं है। आज रविवार को भी शायद ही काम पर आएंगे। सीधे कल सोमवार से ऐसे लोग डयुटी में हाजिर हो जाएंगे। क्षेत्र में धान की फसल भी पककर लहलहाने लगी है। किसान धान कटाई में कल से जुट जाएंगे। हालांकि मौसम अभी उतार-चढ़ाव चल रहा है। कभी धूप निकलता है तो कभी बारिश शुरू हो जाती है। अधिकतर किसान तेज धूप का इंतजार कर रहे है। लगातार धूप रहेगा तभी वे फसल कटाई में जुटेंगे। ऐसा सोचकर घर में बैठे हुए है।

## छत्तीसगढ़ महतारी हमारी अस्मिता और आस्था का प्रतीक: ओमकुमारी

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के शुभअवसर पर नवापारा शहर के वार्ड क्रमांक 10 में नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का माल्यार्पण कर नवापारा शहर एवं समूचे क्षेत्र के सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए मंगल कामना कर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी हमारी अस्मिता, आस्था एवं गर्व का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ महतारी के आशीर्वाद से प्रदेश समृद्ध है। धान का कटोरे के नाम से प्रसिद्ध राज्य हर क्षेत्रों में विकास कर रही है। प्रदेश की जीडीपी अन्य विकसित राज्यों के समांतर गति से आगे बढ़ रही है। प्रदेश खुशहाली की ओर अग्रसर है। युवा राज्य छत्तीसगढ़ में विकास की अपार संभावनाएं है। सदर रोड स्थित छत्तीसगढ़ महतारी के माल्यार्पण अवसर पर पार्षद नम्मू नारायण ध्रुव, जीना निषाद, पूजा कंसारी, लोमेश्वरी साहू ,डीलन कावले एवं बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद थे।



**खबर संक्षेप**

### उपमुख्यमंत्री साव का आगमन आज



**जगदलपुर।** उपमुख्यमंत्री अरूण साव रविवार को स्टेट प्लेन से 12 बजे मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से सिटी ग्राउंड जाकर छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का उद्घाटन करेंगे। दोपहर 1:15 बजे से 2 बजे तक सर्किट हाउस में रहेंगे। उसके बाद 2:15 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### काली पट्टी लगाकर 7 को शिक्षक निकालेंगे रैली

**जगदलपुर।** सर्व शैक्षिक संगठन के तत्वावधान में आगामी 7 नवंबर को जगदलपुर में शिक्षकों की रैली निकलेगी। मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। 31 अक्टूबर को वर्चुअल बैठक में सभी जिलों के पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि संयुक्त संचालक शिक्षा को हटाने आंदोलन जारी रहेगा। चर्चा में दस शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। 3 नवंबर से सातों जिलों और विकासखंडों के शिक्षक काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज करेंगे।

### अभद्रता पर आदिवासी थाने का घेराव 6 को

**जगदलपुर।** आदिवासी लक्ष्मण करटामी के साथ ज्योति प्लास्टिक के मालिक ने गाली गलौज करते जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत आदिवासी थाना जगदलपुर में की गई । बावजूद थाना प्रभारी ने एफआईआर दर्ज नहीं की बल्कि शिकायत वापस लेने आरोपी पक्ष दबाव बना रहा है। एसडीएम तोकापाल को दिए ज्ञापन में शिकायतकर्ता तथा तोकापाल क्षेत्र के ग्रामीणों ने आदिवासी थाना का घेराव एवं पैदल मार्च की बात कही है। उन्होंने कहा कि 6 नवंबर को तोकापाल से जगदलपुर आदिवासी थाना तक पदयात्रा कर घेराव करेंगे। हमारी मांग है तत्काल एफआईआर दर्ज हो और दोषी दुकानदार पर कार्यवाही की जाए।

### नेगीरास में सरपंच ने किया राशन दुकान का उद्घाटन



**जगदलपुर।** ग्राम गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप ने नेगीरास पारा में राशन दुकान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा अब यहां के लोगों को राशन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। बहुत समय से नेगीरास के ग्रामीणों को राशन के लिए दूर जाना पड़ता था। वर्षों से राशन दुकान को लेकर मांग थी जिसे गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ लेते हुए गढ़यिा के सरपंच ने पहल की और उनके सतत प्रयास से आज एक नवंबर को राशन दुकान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने सरपंच भरत कश्यप का जन्मदिन केक काटकर मनाया। ग्राम पंचायत के उपस्थित सभी पंच गण, ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनादी। भरत में कहा कि कहीं भी दो राशन की दुकान नहीं है परंतु ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए यह दूसरा राशन दुकान अब नेगीरास के ग्रामीणों का जीवन आसान बनायेगी।

### कांग्रेस ने इंदिरा की पुण्यतिथि और पटेल की जयंती मनाई

**जगदलपुर।** आज राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौय के निदेर्शानुसार पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस दौरान पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं के द्वारा चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश को एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया।

---

दुकानों एवं शो रूम में लगी ग्राहकों की भीड़, व्यापारी हुए गदगद

# देवउठनी पर भगवान विष्णु के जागते ही जागा बाजार, हुआ करोड़ों का व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देवउठनी एकादशी पर शनिवार को पूरे धमतरी शहर में श्रद्धा, भक्ति और बाजार की रौनक एक साथ झलकती रही। भगवान विष्णु के शयन से जागरण के साथ ही जैसे पूरा शहर जीवन्त हो उठा। सुबह से ही बाजारों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और हर गली, हर चौक दीपों की रोशनी और आस्था की खुशबू से महक उठा। गोल बाजार, घड़ी चौक, रामबाग, बठेना चौक, रत्नाबांधा चौक, सोरिद चौक, रुद्री चौक सहित अन्य परिसर में खरीदारों का सैलाब उमड़ आया। दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं और व्यापारियों के चेहरे पर मुस्कान बिखर गई।

पर्व की शुरुआत भगवान विष्णु और तुलसी माता की पूजा से हुई।



श्रद्धालुओं ने सुबह स्नान-ध्यान कर तुलसी विवाह का आयोजन किया और भगवान विष्णु के जागरण का पर्व पूरे उत्साह से मनाया। जगह-जगह तुलसी विवाह के कार्यक्रम हुए, जिनमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। शहर का वातावरण पूरे दिन भक्तिमय बना रहा। मंदिरों में घंटियों की गूंज और दीपों की जगमगाहट ने आस्था का अनोखा दृश्य प्रस्तुत किया।

शहर के प्रमुख बाजारों में पूजन सामग्री, दीप, कलश, नारियल, फूल-माला, सजावटी वस्तुएं, सोना-चांदी, कपड़ा, बर्तन, किराना और मिठाइयों की जबरदस्त बिक्री हुई। व्यापारियों का कहना है कि इस बार उम्मीद से कई गुना अधिक व्यापार हुआ है। स्थानीय व्यापारी सौरभ देवांगन, अखिलेश तिवारी, मोहन जसूजा और त्रिलोक कटारिया, फुटपाथी व्यापारी कैलाश नाथ महादेव कुमार , दयाराम ढीमर ने बताया कि लोगों ने दिल खोलकर खरीदी की और सुबह से ही बाजारों में ऐसी हलचल रही कि रुकने का नाम ही नहीं ले रही थी। ग्रामीण इलाकों से भी भारी संख्या में लोग बाजार पहुंचे और जमकर खरीदारी की। शाम ढलते ही दीपों से सजा पूरा शहर रोशनी में नहा उठा। तुलसी विवाह के आयोजन स्थलों पर भजन-कीर्तन और आरती के स्वर देर रात तक गूंजते रहे।

देवउठनी के साथ ही विवाह और अन्य शुभ कार्यों की शुरुआत का समय प्रारंभ हो गया है। व्यापारियों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में बाजार में और तेजी आएगी। कपड़ा, ज्वेलरी और मिठाई के कारोबार में इस बार काफी उछाल देखा जा रहा है। मिठाई दुकानों पर लड्डू, पेड़ा, बर्फी और खास तौर पर तुलसी विवाह के लिए बनाए गए प्रसाद की मांग बनी रही। धमतरी का हर चौक इस दिन कुछ अलग ही नजर आया। गोलबाजार और घड़ी चौक में रंगीन रोशनी, बठेना चौक में फूलों की सजावट, रामबाग और रत्नाबांधा चौक में झिलमिलाते झालरों से सजे स्टॉल्स ने शहर को त्योहार के रंग में रंग दिया। व्यापारियों के अनुसार शहर में करोड़ों रुपये का लेन-देन हुआ और ग्राहकों की भीड़ से हर बाजार गुलजार रहा। भगवान विष्णु के जागरण के साथ ही धमतरी का बाजार भी पूरी तरह जगमगा उठा।

---

## ग्रामीणों को दी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी



- बेलरगांव में हुआ जनजागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम बेलरगांव में शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आम जनता को जागरूक करने एवं जानकारी प्रदान करने एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड उपसंभाग बेलरगांव के अधिकारियों द्वारा योजना की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से सौर ऊर्जा के माध्यम से घर-घर बिजली पहुंचाने एवं उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को सौर पैनल स्थापना पर आकर्षक अनुदान प्रदान किया जा रहा है । 1 किलोवाट सिस्टम पर 45,000, 2 किलोवाट पर 90,000 तथा 3 किलोवाट सिस्टम पर 1,08,000 तक का अनुदान मिलेगा।

इस योजना के माध्यम से उपभोक्ता अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पन्न कर सकते हैं। इससे न केवल बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि अतिरिक्त उत्पन्न बिजली को शासन को बेचकर आमदनी भी अर्जित की जा सकती है। शिविर में अधिकारियों ने योजना में ऑनलाइन पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेजों आधार कार्ड, पैन कार्ड, घरेलू बिजली बिल, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी एवं एक पासपोर्ट साइज फोटो की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक अपनी जिज्ञासाएं रखीं और मौके पर पंजीयन कर योजना का लाभ उठाने की प्रक्रिया प्रारंभ की।

---

महाराष्ट्र से आये अधिकारियों ने दुगली वन धन केन्द्र एवं औषधीय पौध रोपण का किया भ्रमण

## जिले की वन संपदा और नवाचारों से प्रभावित हुए भारतीय वन सेवा के अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वन संपदा और जैव विविधता से भरपूर धमतरी जिला एक बार फिर गौरव का केंद्र बना जब महाराष्ट्र राज्य के नागपुर से आये भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों ने दुगली स्थित वन धन प्रसंस्करण केन्द्र एवं औषधीय पौध रोपण का अध्ययन भ्रमण किया। धमतरी जिला वन बाहुल्य क्षेत्र होने के साथ-साथ दुर्लभ वनौषधियों के भंडार के रूप में प्रसिद्ध है। इन्हीं विशेषताओं को जानने और सीखने के उद्देश्य से 29 अक्टूबर को महाराष्ट्र से सात सदस्यीय वन अधिकारी दल एक दिवसीय अध्ययन भ्रमण पर पहुँचा।



इस दल में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख कार्यालय नागपुर से पी. कल्याण कुमार, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (एनटीएफपी) रमेश कुमार, मुख्य वन संरक्षक गढ़चिरौली वृत्त शैलेष मीणा, उप वन संरक्षक भामरागढ़ वनमंडल अग्रिम सैनी, उप वन संरक्षक मेलघट वनमंडल सायपन शेख, उप वन संरक्षक जवाहर वनमंडल नितिन सिंह तथा उप वन संरक्षक एसएस करे शामिल थे। अधिकारियों ने भ्रमण के दौरान गैर-लकड़ी वन उत्पादों से जुड़ी बेस्ट प्रैक्टिसेस का अवलोकन किया। औषधीय पौधों का रोपण, शहद, तेंदूपत्ता, महुआ फूल एवं फल जैसे उत्पादों के साथ-साथ वन धन विकास केन्द्र दुगली में माहूल पत्ते से बनने वाले पत्तल-दोना और अन्य उत्पादों का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त दल ने औषधीय पौध रोपण क्षेत्र का भी भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान अधिकारियों को औषधीय रोपण, प्रसंस्करण केन्द्र की गतिविधियां, लाख उत्पादन, मार्केटिंग तथा वनमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी एवं जिला लघु वनोपज प्रबंध संचालक श्रीकृष्ण जाधव, उप प्रबंध संचालक बीके लकड़ा, एससीओ गुड्डु दुफारे, प्रबंधक सुरेश साहू सहित जिला वनोपज सहकारी समिति के अधिकारी उपस्थित थे।

---

## मल्हारी की मड़ई में उमड़ा जनसैलाब

- श्रद्धालुओं ने ठाकुर देव महाराज का दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सिहावा क्षेत्र अंतर्गत बारह देव पाली में स्थित ग्राम मल्हारी के ठाकुर देव महाराज का पारंपरिक मड़ई मेला 31 अक्टूबर को धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मेले की शुरुआत ठाकुर देव की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद क्षेत्र के अनेक गांवों के देवी-देवता एवं उनके पुजारी भी इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए।

लोगों ने बताया कि सिहावा क्षेत्र के बारहदेव पाली में हर पर्व में पूजा ठाकुर देव की होती है, जैसे नवरात्रि पंचमी पर्व, दशहरा, नवा खाई, बाल चढ़ाना, देव उठनी, मंडई मेला आदि में प्रथम पूजा ठाकुर देव की होती है। इस मड़ई मेला में सरपंच दिलीप



सोम, राजाराम मंडावी, टिकेश्वर ध्रुव, देव पुजारी विजय कौशल, अनुज कौशल, ग्राम पटेल कमलदेव सोम, हुलाल सोम, श्यामशंकर सोम, देवनारायण कश्यप, बृजभूषण ध्रुव, वासुदेव कौशल, हेम कौशल सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने ठाकुर देव महाराज का दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की तथा फूलों की माला अर्पित की। परंपरा अनुसार मड़ई की परिक्रमा की गई और लोगों ने भाईचारे का परिचय दिया। मेले में पूरे दिन भक्ति, उल्लास और सामाजिक एकता का सुंदर माहौल रहा। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति और परंपरा का भी जीवंत प्रदर्शन बना।

---

## तहसील पेंशनर्स समाज की हुई बैठक






**नगरी।** पेंशनर्स समाज की मंगलवार को महत्पूर्ण बैठक आयोजित की गई। आय-व्यय का लेखा जोखा अध्यक्ष आरएल देव, संरक्षक एएल बनपेला, कोषाध्यक्ष एस.वर्मा, सचिव पी आर चद्रवंशी के मध्य नगरी के जो.प्र. एलएस गजपाल, सांकरा जो.प्र. एलआर चनाप, सिहावा जो.प्र. केएन पाण्डेय, बेलर जो. प्र. एलएल नाग, गट्टासिली जो.प्र एसआर चौहान द्वारा प्रस्तुत किया गया। 3 नवंबर से जीवित प्रमाण-पत्र फार्म भरा जायेगा। इस दौरान दिवंगत पेंशनरों को भावभीनी श्रध्दांजलि अर्पित की गई। बैठक में बीएल सार्वा, बीएस सुरेशा, जीसी साहू, अल्का गजपाल, हिममणी सोम, मीडिया प्रभारी शकुन कश्यप समेत अनेक पेंशनर्स उपस्थित थे।

---

## परेवाडीह में ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम परेवाडीह में छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस पर ग्राम के मुख्य द्वार के पास ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों व नवयुवकों ने छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापना के लिए लिए चबूतरा निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। मौके पर ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बालमुकुंद साहू, सचिव रामनाथ साहू, सदस्य सुरेश साहू, लीलेश्वर साहू, युवराज साहू, गीताराम साहू, पोखन ध्रुव,रामकुमार साहू, जितेंद्र मुंडा, गजानंद साहू, शीतलेश साहू, अनीता साहू, खिलेश्वरी साहू, लता, योगेश्वरी, सगना बाई ध्रुव, खोरबाहरा राम, चित्रेश्वरी साहू, खोमेश साहू, मुकेश साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लीलेश्वर साहू व आभार प्रकट गजानंद साहू ने किया।

---

## कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी और लौहपुरुष सरदार पटेल को किया याद

- अर्जुनी चौक में दोनों दिवंगत नेताओं के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस व भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को अखण्डता दिवस के रूप में मनाया गया। प्रातः 11 बजे कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी चौक (अर्जुनी चौक) में दोनों दिवंगत नेताओं के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी।

कांग्रेसजनों ने राष्ट्रहित में दिए



गए इनके बलिदान और योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी ने 31 अक्टूबर 1984 को देश की एकता एवं अखण्डता के लिये अपना महान बलिदान दिया। वह भारत के आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की प्रतीक थीं। उनके व्यक्तित्व का लोहा पूरा विश्व मानता था।

आगे कहा कि सरदार पटेल ने कड़े निर्णय कर देश को एकता में पिरोने का काम किया। पटेल जी के आदर्शों पर चलकर ही देश और समाज को तरक्की पर ले जाया जा सकता है।

इस दौरान विधायक ओंकार, लेखराम साहू, मोहन लालवानी, विजय देवांगन, आकाश गोलछा, विजय प्रकाश जैन, राजा देवांगन, शास्त्री सोनवानी, गजानंद रजक, आशुतोष खरे, देवेन्द्र देवांगन, सबीना खान, वातांजलि गोस्वामी, अविनाश मरोठे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## एकता और राष्ट्रभक्ति का दिया संदेश

- सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हुई एकता दौड़
- यह दौड़ राष्ट्र की एकता, अनुशासन और देशभक्ति का प्रतीक : रंजना साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राष्ट्र की एकता, अखंडता और समरसता के प्रतीक लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर नगर में एकता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ घड़ी चौक से हुआ।

दौड़ रत्नाबांधा चौक, मठ मंदिर मार्ग से होती हुई पुनः घड़ी चौक में आकर संपन्न हुई। समापन अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू एवं छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद उपस्थित थे। दोनों गणमान्य अतिथियों ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दौड़ केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, अनुशासन और देशभक्ति का प्रतीक है।



उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस अखंड भारत का सपना देखा था, उसी भावना को आगे बढ़ाने के लिए आज युवा पीढ़ी को जागरूक और संगठित होना चाहिए।

श्रीमती रंजना साहू ने भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन और उनके अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला।

नेहरू निषाद ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की इस महान उपलब्धि के कारण उन्हें भारत का लौहपुरुष कहा जाता है। आज का भारत, जिसकी एकता और अखंडता हम गर्व से अनुभव करते हैं, वह सरदार पटेल की दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रनिष्ठा का परिणाम है। आभार प्रदर्शन महामंत्री महेंद्र पंडित ने किया।

कार्यक्रम में चेतन हिंदूजा, राकेश साहू, कविंद्र जैन, विजय साहू, कौशल्या देवांगन, ज्योति साहू, विनय जैन, मिश्रीलाल पटेल, हेमंत साहू, हेमंत चंद्राकर, भरत सोनी, कोमल देवांगन, विभा चंद्राकर, गौरव मगर, महेंद्र खंडेलवाल, दीपेंद्र साहू, जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू उपस्थित थे।

---

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से हेमराज ने की मुलाकात



**धमतरी।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा के बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह से भाजपा नेता हेमराज सोनी ने की सौजन्य भेंट।

## खबर संक्षेप

### मुआवजे के लिए दर-दर भटक रहा किसान

**अंवरी।** ग्राम कोलियारी में पिछले 5 महीने करंट की चपेट में आने से एक गाय और एक बछड़े की मौत हो गई थी, जिसका आज तक मुआवजा नहीं मिला है। ग्राम कोलियारी निवासी संजय साहू पिता स्व. भुवनलाल साहू ने बताया कि 26 मई की सुबह उनके 6 मवेशी खेत की ओर जा रहे थे, तभी खेत में गिरे बिजली तार की चपेट में आने से एक गाय और एक बछड़े की घटनास्थल में ही मृत्यु हो गई। एक गाय बुरी तरह से घायल हो गई। थाना भखारा और पशु चिकित्सक को इस घटना की जानकारी दी गई थी। शल्य चिकित्सक डॉ अनुराधा यादव, डॉ एच. साहू एवं डॉ नवीन साहू घटना घटनास्थल पहुंचे और पोस्टमार्टम किया। लेकिन आज तक मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। उनका कहना है कि वह लगातार सरकारी दफ्तर का चक्कर काट रहा है। किसान ने शासन-प्रशासन से जल्द ही मुआवजा राशि देने की मांग की है।

### प्रतिबंधित केप्सूल बेचने ग्राहक का इंतजार कर रही महिला गिरफ्तार

**जगदलपुर।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने प्रतिबधिंत नशीली केप्सूल बेचने ग्राहक का इंतजार कर रही महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 1742 रूपए की नशीली केप्सूल जब्त कर महिला को जेल भेज दिया है। नशीली दवा बेचे जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि शांतिनगर फ्रेजरपुर मोती बघेल गली निवासी महिला अपने घर में अवैध प्रतिबंधित नशीली केप्सूल रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रही है। टीम द्वारा मौके पर जाकर मुखबिर के बताये स्थान में जाकर संदेही की तस्दीक किया गया।

# नगर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनाई जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर सद्भावना दौड़ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ महासमुंद की ओर से 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सदभावना एकता दौड़ का आयोजन किया गया। सेजेस हिंदी माध्यम महासमुंद के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में अतिथिगण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, येतराम साहू जिलाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड, डॉ विमल चोपड़ा पूर्व विधायक, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, जिला उपाध्यक्षद्वय एस चंद्रसेन, आनंद साहू, प्रदीप चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी, अमी रूफ़स प्राचार्य एवं जिला आयुक्त गाइड रहे। अतिथियों द्वारा भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया।



विधायक सिन्हा ने सभी को राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाई। सद्भावना दौड़ को हरी झंडी दिखाकर दौड़ आरम्भ किया गया। इस दौड़ में बालक वर्ग से भावेश साहू प्रथम, लव्य जांगडे द्वितीय, संदीप ध्रुव तृतीय, बालिका वर्ग में वर्षा दीवान प्रथम, घनिता ध्रुव द्वितीय, तेजश्वनी साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### यह रहे कार्यक्रम में शामिल

कार्यक्रम में अतिथिगण पंकज चंद्राकर, हनीश बग्गा, मनीष शर्मा, गोविंद ठाकुर, प्रकाश शर्मा, गौकरण साहू, श्याम साकरकर, शरद मराठा, आकाश पांडेय, पांडुरंग मदनकार, अभिषेक पांडेय, नईम खान, परमानंद साहू, अमन वर्मा, सुमीत जैन, नीलेश साहू, नंदकिशोर सिन्हा, हेमेंद्र आचार्य, अंजलि बरमाल, लीलाधर सिन्हा, जागेश्वर सिन्हा, हीना धालेन, भगोली राम साहू के साथ स्काउट गाइड, एनसीसी व खेल शिक्षक के सदस्यगण में प्रमोद कनौजे जिला सचिव, लीनू चंद्राकर डीओसी गाईड, लता वैष्णव ब्लॉक सचिव, मधु शर्मा, रामकुमार साहू, तुलेंद्र सागर जिला मीडिया प्रभारी, कमलेश चंद्राकर एनसीसी कमांडर, हेमन्त डड़सेना, हीरेंद्र साहू, अंजनी साहू, डॉ सेवनदास मानिकपुरी, कामता साहू, वैभव मानिकपुरी, गणेश कोसरे, तृषा शर्मा उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन राम कुमार साहू एवं कार्यक्रम का संचालन तुलेंद्र सागर ने किया।

# राज्योत्सव के आमंत्रण कार्ड में विधायक का नाम शामिल नहीं करना प्रशासनिक तानाशाहीः रमेश

## प्रदेश में अफसरशाही के चलते शासन की छवि हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्योत्सव के आमंत्रण कार्ड में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित जिले के अन्य विधायकों व चुने हुए जनप्रतिनिधियों के नाम का उल्लेख नहीं करने पर भाजपा कार्यकारिणी सदस्य व पिटियाझर सहकारी समिति अध्यक्ष रमेश साहू ने इसे प्रशासन की घोर लापरवाही का परिचायक बताते हुए इस प्रशासनिक कृत्य की निंदा की है। साहू ने कहा कि जिला मुख्यालय महासमुंद विधानसभा सीट से जनता ने अपने प्रतिनिधि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को अपनी आवाज बनाकर विधानसभा भेजा है, ऐसे जनप्रतिनिधि का नाम छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के आमंत्रण कार्ड पर जिला प्रशासन द्वारा अंकित नहीं करना, विधायक का उपेक्षा करना घोर निंदनीय है।



### लोगों का किया अपमान

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के बाद भी सत्तारूढ़ दल के विधायक का नाम प्रशासन ने जान-बूझकर अंकित नहीं किया। यह विधायक का नहीं बल्कि, महासमुंद विधानसभा के लाखों लोगों का अपमान है। भाजपा नेता रमेश साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से विज्ञप्ति में माध्यम से निवेदन किया है कि प्रशासनिक अधिकारियों की मनमानी तथा प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे प्रशासनिक राज पर लगाम लगाते हुए सख्त कार्रवाई किया जाए।

साहू ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों का अपमान किया जा रहा है। प्रशासन का यह कृत्य सरकार के नीतियों से परे हटकर अलग तानाशाही पूर्ण कार्रवाई की श्रेणी में आता है, अतः इस कृत्य के लिए प्रशासन सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगे अन्यथा उच्च स्तर पर शिकायत कर मुख्यमंत्री के सामने प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से शिकायत की जाएगी।

# चिप्स के अधीन आधार ऑपरेटरों को नहीं हुआ सालों से भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में चिप्स के अधीन सन 2016 से करीब 30 से अधिक आधार ऑपरेटर कार्यरत है। आधार ऑपरेटर को नया आधार पंजीयन व अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट का भुगतान चिप्स द्वारा किया जाना है, जो कि कुछ आधार ऑपरेटर्स को 2016 से आज तक व कुछ को 2021 से आज तक राशि का भुगतान किया जाना है। इस संबंध में आधार ऑपरेटर्स द्वारा विगत कई वर्षों से लगातार आग्रह किया गया, जिस पर आज तक विचार नहीं किया गया है।

भुगतान की मांग किए जाने पर आधार ऑपरेटर्स के नाम पर भारी भरकम पेनाल्टी जारी कर दिया गया है, जो कि अधिकतम राशि 3,00,000 रुपए से अधिक का जारी किया गया है। यूआईडीए आई द्वारा चिप्स एजेंसी को हर तीन महीने में पेनाल्टी राशि काट कर भुगतान करती है। उसके बाद हमसे पेनाल्टी के नाम पर राशि वसूली जा रही है। कुछ ने पेनाल्टी राशि जमा कर दी है, उन्हें पेनाल्टी राशि प्राप्ति की रसीद भी प्रदान नहीं किया जा रहा है। 2017 से आज तक हम सभी आधार ऑपरेटर्स आधार में सेवा देते आ रहे है और वर्तमान में इन हाऊस माडल के नाम पर सभी पुराने आधार ऑपरेटर्स को उक्त सेवा से बाहर कर बेरोजगार कर दिया गया है। हमें इन हाऊस मॉडल में भर्ती प्रक्रिया में 12वीं प्रतिशत के आधार पर नया सिरे से नया भर्ती कर हमें इन हाउस मॉडल से हटा दिया गया और आज हमारे रोजी रोटी का साधन यही आधार ही है। जिससे हम अपना घर परिवार का भरण पोषण करते आ रहे है। आज हमें ऐसे स्थित में लाकर खड़ा कर दिया है कि हमें बेरोजगारी के साथ परिवार के पालन पोषण के लिए जूझना पड़ रहा है।

वर्तमान में समस्त शालाओं में अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट शिविर आयोजन किया गया है। जिसमें यूआईडीआई के निर्देश अनुसार अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट का कार्य निःशुल्क (तय नियमानुसार रसीद में आए राशि के अनुसार) किया जाना है। परन्तु, उक्त कार्य का भुगतान हमें कब और किसके द्वारा किया जाएगा, वह स्पष्ट नहीं की जा रही है। यदि आवेदन उपरांत हितग्राही के नाम पर यदि पर्ची में राशि छपता है तो नियमानुसार वह तय राशि आधार ऑपरेटर्स को लिया जाना है, जिसकी जानकारी शालाओं में नहीं होने के कारण उक्त शिविर में दुविधा और समस्या की स्थिति बन रही है। उक्त समस्या के निवारण के लिए समस्त आधार ऑपरेटर्स द्वारा केवल लिखित आदेश की मांग की गई है। जिसमें स्पष्ट रूप से राशि का उल्लेख हो कि कौन से कार्य में कितना राशि निर्धारित है, जिस के लिए लिखित आदेश/अनुमति भी नहीं दिया जा रहा है।

## देवउठनी पर बनाई आकर्षक रंगोली



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में तुलसी विवाह पर माता तुलसी की रंगोली बनाई गई। तुलसी के मंडप के आसपास सुंदर और रंगीन डिज़ाइन बनाया गया। जिसमें दीया, शंख और चक्र जैसी आकृतियां शामिल है। पारंपरिक रूप से देवउठनी एकादशी पर तुलसी के चारों ओर रंगोली बनाई जाती है।



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में कालिंद्री बाई साहू ने देवउठनी पर्व पर अपने घर आंगन में रंगोली सजाई एवं चावल आटे से पद चिन्ह बनाए।

# बड़ों का सम्मान करना सीखें और अपनी संस्कृति से नाता जोड़ें : तुषार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खड़सा में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। अपने उद्बोधन में तुषार साहू ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार, खुशहाल परिवार के लिए जरूरी है कि बच्चों को कुछ बातें बचपन से ही सिखाई जाएं। ताकि, उनमें हमेशा जिम्मेदारी, दया और एकजुटता की भावना बरकरार रहे। इसके लिए कुछ बातों का ख्याल रखना जरूरी है। परिवार की खुशी कौन नहीं चाहता है? इसके लिए हम हर तरह के प्रयास करते हैं, ताकि हमारा परिवार हमेशा मिलजुलकर खुशी-खुशी रहे। भले ही लाइफ में कितनी भी कठिनाईयां क्यों न आ जाएं परिवार में सुख-शांति बनाए रखने के लिए बच्चों को बचपन से ही कुछ खास बातें सिखाना जरूरी है। जिसमें परिवार का मूल्य और उसका महत्व शामिल है। ऐसा करने से वे बचपन से ही फैमिली की एकजुटता को समझ सकें। साथ ही अपने घर के बड़ों का सम्मान करना सीखें और अपनी संस्कृति से नाता जोड़ें। इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखा जाए तो ये संस्कार बड़ी ही आसानी आप बच्चों तक पहुंचा सकते हैं।



# किसानों की समस्याओं पर गंभीर मंथन किसान कांग्रेस का सघन दौरा

## जलकी सोसायटी में पंजीयन व्यवस्था पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसानों की समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी दीपक पांडेय ने महासमुंद जिले के जलकी सोसायटी स्थित धान खरीदी केंद्र का सघन दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ जिलाध्यक्ष किसान कांग्रेस मानिक साहू सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं स्थानीय किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस दौरान धान खरीदी पंजीयन प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों और तकनीकी अड़चनों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया गया। किसानों ने अपनी परेशानियां साझा करते हुए बताया कि समय पर पंजीयन न होने और सर्वर संबंधी दिक्कतों के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पांडेय ने मौके पर अधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई किसान कांग्रेस हर स्तर पर लड़ेगी। सरकार को चाहिए कि खरीफ सीजन की हर प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध रूप से पूरी करे। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश मुखर्जी, विनोद चौहान, दिलीप जैन, केशव चौधरी, शैलेंद्र सेन, अमर चंद्राकर, परस पटेल सहित क्षेत्र के अनेक किसान मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने कहा कि किसान कांग्रेस लगातार किसानों की आवाज़ उठाती रही है और आगे भी हर समस्या के समाधान तक संघर्ष जारी रहेगा।



## देवउठनी पर अरंड में रामचरित मानस गान का आयोजन

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में कार्तिक महीना में देवउठनी पर्व पर रामचरितमानस गान कार्यक्रम आयोजित कर तुलसी विवाह किया गया। जय महावीर मानस मंडली अरंड द्वारा अयोजित कार्यक्रम में आसपास की रामचरितमानस मंडली शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच डिगंबर पटेल, शिवचरण ध्रुव, देवराज सिंह ठाकुर, कौतुक पटेल, कार्तिक राम पटेल, भारत दीवान, श्रीवास्तव ध्रुव, गंगाधर निर्मलकर, भोजराम ध्रुव, हुसन लाल निर्मलकर, मन्नू राम ध्रुव, कुश राम ध्रुव, डेमन ध्रुव, बिजलाल ध्रुव, मेहतरीनी बाई ध्रुव, सोरेन बाई ध्रुव, मथुरा बाई ध्रुव, दीपक बाई ध्रुव, मुस्कान कुमारी ध्रुव आदि मौजूद रहे।



## प्रदर्शनी का अवलोकन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्योत्स्व में बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर द्वारा प्रदर्शन का अवलोकन कर किसानों को योजनाओं का लाभ सबंधित जानकारी देने का निर्देश दिए।

### बछिया पालन के लिए 17 क्विंटल पोषण आहार वितरित

**जीजामगांव।** उन्नत मादा वत्स पालन योजना अंतर्गत शासकीय पशु औषधालय कचना में बछिया पालन हेतु 17 क्विंटल पोषण आहार का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ अवधेश मरकाम द्वारा गोधाम योजना समेत विभागीय योजनाओं की जानकारी पशुपालकों को दी गई। विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के अनुदान पर उन्नत मादा वत्स पालन योजना अंतर्गत पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न बछिया के विकास एवं पोषण, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु पशु आहार वितरण किया गया।

# पिछले 5 साल से नहीं बढ़ा वार्षिक एग्रीमेंट

- सहकारी बैंक के कर्मचारियों ने एक सूत्रीय मांग को लेकर किया चरणबद्ध आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पुरी

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर अंतर्गत धमतरी, रायपुर, महासमुंद, बलौदाबाजार, गरियाबंद, बिलाईगढ़ के नियमित बैंक कर्मचारियों ने एक सूत्रीय मांग वार्षिक वेतन वृद्धि की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ कर दिया है। ललितदास मानिकपुरी जिला धमतरी ने बताया कि हाईकोर्ट बिलासपुर के आदेश होने के बावजूद पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायपुर के हठधर्मिता के चलते बैंक के हजारों कर्मचारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। पिछले 5 साल से वार्षिक एग्रीमेंट नहीं बढ़ाना अन्याय पूर्ण है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर अध्यक्ष मोहन साहू के नेतृत्व में रायपुर संभाग के पांचों जिलों के कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ कर दिए हैं। 5 नवंबर तक काला फीता लगाकर काम करेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर 12 नवंबर से जिला मुख्यालय रायपुर में अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। इससे रायपुर संभाग के सभी जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में तालाबंदी हो जाएगी। इससे एटीएम सहित सारा नगद भुगतान बंद हो जाएगा। किसानों को बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं पर रोक लग जाएगी।



# कांग्रेसियों ने मनाया छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंवरी

1 नवंबर राज्य निर्माण दिवस के अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा गांधी प्रतिमा स्थल में छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना की गई।

इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने कहा कि स्वतंत्र छग प्रदेश के निर्माण की लड़ाई लड़ने वाले उन तमाम महापुरुषों को आज नमन करने का दिन है। उन्हीं के बलिदान और संघर्ष ने आज छग निर्माण की कल्पना को साकार किया लेकिन इसी शांत प्रदेश में छग महतारी की मूर्ति को तोड़कर छग की अस्मिता को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। आगे कहा कि सरकार नौकरी के नाम पर युवाओं को ठगने का काम कर रही है। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के नाम पर 10000 से ज्यादा स्कूल बंद है। स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है।

ब्लाक युवा कांग्रेस भखारा अध्यक्ष पुखराज साहू ने कहा कि सरकार रजत जयंती मना रही है। चुनाव के समय छग महतारी की प्रतिमा लगाई गई और आज उसके राज्य स्थापना दिवस पर मुख्य समारोह में छग महतारी का चित्र ही गायब है। यह सरकार छगवासियों की अस्मिता और भावना के साथ खेल रही है।

# सहकारी कर्मचारियों का आंदोलन 3 को

**पुरी।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं छत्तीसगढ़ धान खरीदी कंप्यूटर महासंघ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में धमतरी जिले के समस्त 74 सहकारी समितियों में काम करने वाले दैनिक, नियमित कर्मचारी महासमुंद जिले के लोहिया चौक पर 3 नवंबर को अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल होंगे। इसके चलते धमतरी जिले में धान पंजीयन, एग्री स्टेक, धान खरीदी की तैयारी, राशन वितरण, माइक्रो एटीएम समेत छग शासन की अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं ठप होंगी। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि गत वर्ष मुख्यमंत्री के आश्वासन एवं सचिवों के लिखित पत्रों का भी कोई असर नहीं रहा। इसके चलते कर्मचारी काफी आक्रोशित हो गए हैं। अब समिति के सदस्य धान को सूखत से बचाने के लिए किसान सहित परिवार को लेकर आंदोलन करेंगे।



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## प्रदेश अध्यक्ष इमरान जिले के दौरे पर पहुंचे

**गरियाबंद।** आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष इमरान खान आज गरियाबंद जिले के दौरे पर पहुंचे। उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष



श्रवण यादव, रायपुर लोकसभा अध्यक्ष अज़ीम खान, जिला अध्यक्ष चमन यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। दौरे का मुख्य उद्देश्य संगठन का विस्तार और युवाओं को राजनीति से जोड़ना रहा। इमरान खान ने कहा कि "आम आदमी पार्टी युवाओं की शक्ति पर विश्वास करती है, हर जिले में मजबूत संगठन तैयार किया जाएगा ताकि जनता की आवाज़ को सशक्त रूप से उठाया जा सके। दौरे के दौरान उन्होंने विभिन्न ब्लॉकों के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर चर्चा की।

## छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर बढ़ रहा: यादव

**मैनपुर।** भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी की गारंटी से छत्तीसगढ़ राज्य को नई पहचान मिली है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य विकास की नई उंचाईयो को छू रहा है। श्री यादव ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर कहा की देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दिया उनके सपनों का छत्तीसगढ़ आज आत्मनिर्भर और सशक्त बन रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताते हुए प्रदेश में पुनः डबल इंजन की सरकार को सशक्त बनाया है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वांगीण विकास की नई कहानी लिख रही है।

### निधन

## पुष्कर साहू

**पाण्डुका।** पांडुका सेक्टर के ग्राम पंचायत मुरमुरा के सचिव सुरेश साहू के छोटे सुपुत्र पुष्कर साहू (15



वर्ष) का निधन शनिवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे वन परिक्षेत्र पांडुका में कार्यरत रूपनारायण साहू व टेमन साहू के भतीजा थे।

## गणेश राम पटेल

**मैनपुर।** मैनपुर नगर पटेलपारा निवासी वरिष्ठ नागरिक गणेश राम



पटेल उम्र 68 वर्ष का इलाज के दौरान शुक्रवार शाम को निधन हो गया। शनिवार को उनके अंतिम यात्रा में नगर व क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया है। ज्ञात हो कि वहां जनपद पंचायत मैनपुर के बाबू बोध पटेल, लोक पटेल एवं पुनारद पटेल के पिता थे।

**राहत :** 986.14 लाख रूपए की लागत से बना पुल, ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री साय के प्रति जताया आभार

# तेल व पैरी नदी पर बना विशाल पुल, हजारों ग्रामीणों को मिल रही आवागमन में राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आजादी के बाद से गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर देवभोग के लोग नदी- नालों में पुल -पुलिया के निर्माण की मांग करते आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्षों के भीतर दर्जनभर नदी नालों में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया गया है।

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत उच्च स्तरीय पुल निर्माण से लोगों को मिली राहत

निश्चित रूप से करोड़ों अरबों रूपए की लागत से पुल निर्माण के बाद अब इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों ग्रामों के हजारों ग्रामीणों को मिलने लगा है जिससे आवागमन में आसानी होने लगी है। हालंकि अभी भी कई नदी नालो में पुल पुलिया निर्माण कार्य नहीं हो पाया है जहां पुल निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है लेकिन संबंधित विभाग के अफसरों के उदासीन रवैये के कारण इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में गरियाबंद जिले के कुम्हड़ईकला मार्ग में सेंधमुड़ा के पास तेलनदी पर 325 मीटर उच्च स्तरीय विशाल पुल का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चार माह पूर्व पूर्ण हो चुका है जिसके कारण लगभग 130 ग्रामों पाराटोला सहित ओड़िशा के लोगों का आवागमन आसान हो पाया है अब आसानी से लोग नदी में पुल निर्माण से बारिश के दिनों में भी आना- जाना कर रहे है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य हो रहे हैं जो जमीनी स्तर पर भी दिखाई देने लगा है जिसके कारण लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है साथ ही पुल के लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मैनपुर देवभोग क्षेत्र आने का निमंत्रण दिया है।



### पुल बनने से आसपास के कुल 36 गांवों को फायदा

प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना अंतर्गत वर्ष 2016-17 में स्वीकृत पैकेज क्रमांक सीजी एलएसबी 23–22 अंतर्गत एसएच 2 बी देवभोग कुम्हडईकला मार्ग में सेन्दमुड़ा के पास तेलनदी पर 325 मीटर लंबाई की उच्चस्तरीय पुल निर्माण का कार्य दिनांक 30 जून 2025 को पूर्ण कराया जाकर आमजनताओं के आवागमन के लिए प्रारंभ कर दिया गया है जिससे क्षेत्रवासियों एवं राहगिरों को विकासखण्ड मुख्यालय आवागमन में अच्छी सुविधा हुई है तथा साथ ही क्षेत्र के छात्र–छात्रओं को भी स्कूली शिक्षा एवं शासकीय महाविद्यालय (फोकटपारा) व आईटीआई (डोहेल) आने–जाने में सुविधा हुई जिससे लोगो का चेहरा खिला हुआ है और लोगो में पुल निर्माण से उत्साह देखने को मिल रहा है। यह पुल का निर्माण कार्य पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति पश्चात जनवरी 2020 में प्रारंभ हुआ था जिसके फाउन्डेशन में स्ट्राटा न मिलने के कारण ड्राईंग डिजाइन परिवर्तन करना पडा तथा निर्माण कार्य में समय–समय पर अनेंकों समस्याएं भी आई इसके बाद भी विभाग द्वारा तत्परता से कार्य करते हुए इस वृहद–पुल का निर्माण गुणवत्तापूर्ण कराया गया। इस वृहद पुल के बनने से आसपास के कल 36 गांवों को फायदा हुआ है जिनका बारिश के दिनों में नदी में बाढ की स्थिति निर्मित होने के कारण विकासखण्ड एवं जिला मुख्यालय से संपर्क टूट जाता था। लाभन्वित ग्रामों में मुख्यतः सेन्दमुडा, सुपेबेड़ा, परेवापाली, निष्ठीगुडा, झिरीपानी, खोखसरा, केन्दुबन, कोदोबेडा के ग्रामवासियों को सीधे तौर पर लाभ मिला जो अपने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं दैनिक जीवनयापन हेतु आवश्यक सुविधाओं के –ष्टिकोण से अत्यंत लाभ हुआ है। इस उच्चस्तरीय पुल के निर्माण से क्षेत्रवासियों एवं राहगिर बहुत खुश है एवं शासन प्रशासन एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे है।

### कसाबाय पैरी नदी में 437.44 लाख रुपए की लागत से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण पूर्ण

विष्णुदेव सरकार के कार्यशैली के चलते अब कसाबाय पैरी नदी में भी उच्च स्तरीय पुल निर्माण पूर्ण हो चुका है कसाबाय बड़ी पैरी नदी मे लगभग 437.44 लाख रूपये के लागत से विशाल पुल का निर्माण कार्य अब पूर्ण हो जाने से बिन्द्रानवागढ़, तेन्दूबाय, पिपरछेड़ी रसेला, छुरा क्षेत्र की दूरी जहां बेहद कम हो गई है। वहीं अब यह मार्ग सीधा ओड़िसा से जुड़ गया है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 30 किमी दूर बिन्द्रानवागढ़ होते हुए कसाबाय बड़ी पैरी नदी में पिछले 50 वर्षो से क्षेत्र की जनता पुल निर्माण की मांग कर रहे थे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पीपरछेड़ी बिन्द्रानवागढ इस मार्ग में 437.44 लाख रूपये की लागत से पुल निर्माण कार्य 2023 मे प्रारंभ किया गया था और अप्रैल 2025 मे पुल निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है पुल के उपर से लोगों का आनाजाना प्रारंभ हो गया है बिन्द्रानवागढ़, खम्हारीपारा, परियाबाहरा, तेन्दूबाय, कसाबाय, भैंसमुड़ी, पीपरछेड़ी, रसेला, छुरा सहित ओड़िसा को यह मार्ग अब सीधा जोड़ दिया है और इस मार्ग मे पड़ने वाले 50 से ज्यादा पारा टोला गांव के लोगो का आवागमन आसान हो गया है।

### मैनपुर कुल्हाड़ीघाट मार्ग में भी राज्य निर्माण के बाद करोड़ों की लागत से तीन पुल का निर्माण

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद मैनपुर से कुल्हाड़ीघाट मुख्यमार्ग में भी मैनपुर नदी, जाड़ापदर नदी एवं जिड़ार नदी में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण करोड़ो रूपये की लागत से किया गया है जिससे बारिश के दिनो में अब इस क्षेत्र के हजारो लोगो को आने जाने में सुविधा हुई है।

### ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल रही

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता अभिषेक पाटकर ने बताया कि सेंधमुड़ा तेलनदी में 325 मीटर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण लागत 986.14 लाख रूपये से किया गया है। वहीं कसाबाय पैरी नदी में पुल का निर्माण 437.44 लाख रूपये की लागत से किया गया है। पुल निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है जिससे हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिल रही है।

## खोरपा के सेवानिवृत्त एचएम को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

ग्राम खोरपा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक केपी साहू 39 वर्ष की शिक्षकीय सेवा पूर्ण कर 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हुए। श्री साहू ने अपने नाती विराट बांकुरा के जन्मदिन के अवसर पर कक्षा पहली के 12 बच्चो को स्वेटर वितरण किया। गौरतलब है कि श्री साहू ने 1986 में प्राथमिक शाला रवेली से सेवा की शुरुआत की थी उन्होंने शिक्षण कार्य के साथ मानवीय सेवा को भी प्राथमिकता दी। विद्यालय में शिक्षक की कमी होने पर उन्होंने अपने वेतन से वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था की, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इस अवसर पर उन्होने बच्चो से कहा कि शिक्षा ही विकास का आधार है,कभी परिस्थितियो से हार मत मानो जो सीखने का चाह रखता है वही आगे बढ़ता है,समय का मूल्य समझते हुये अपने गांव,समाज व देश का नाम रोशन करो। सेवानिवृत्ति अवसर पर उन्होंने विद्यालय संचालन का दायित्व पी.एस. राजपूत को सौंपा। इस मौके पर सरपंच श्रीमती मीना ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेश राम पटेल, उपाध्यक्ष जानकी साहू, नारायण साहू, सेउक पटेल,तेजप्रताप पटेल,श्रीमति यशोदा पटेल,श्रीमति ऐश्वर्या साहू,ह्दय साहू,पार्वती साहू,रसोइयां व स्वीपर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## काजल ने बैडमिंटन में जीता गोल्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

अंडर -17 बैडमिंटन संभाग स्तरीय खेल में गरियाबंद के छुरा ब्लॉक अंतर्गत मुरमुरा स्कूल दसवीं की छात्रा व फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम धुरसा की बेटी काजल साहू ने रायपुर संभाग के टीम मे हिंसा लिया जिसमे दुर्ग, रायपुर, धमतरी, महासमुंद और गरियाबंद से बालिका छात्रों ने सरगुजा मे आयोजित खेल स्पर्धा मे गोल्ड मेडल जीता पुरे खेल के दौरान पूजा साहू पिता नरेंद्र साहू धुरसा निवासी का इर्द-गिर्द रहा। काजल साहू निरंतर अपने खेल से लोगों को प्रभावित किया है, जो आज राज्य स्तरीय खेल में गोल्ड मेडल जीत कर जिले तथा अपने व अपने स्कूल गांव का नाम रौशन कर दिखाया. काजल साहू भविष्य मे देश के लिये खेलना चाहती है उन्होंने अपने साथियो को सदेश दिया की पढ़ाई के साथ-साथ निरंतर खेल में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए जिससे शरीर भी स्वस्थ रहता है और बड़े मुकाम हासिल करने के लिए खेल जरूरी होता है। गरियाबंद जिले और क्षेत्र तथा स्कूल के लिए यह पहला उपलब्धि है जब क्षेत्र से कोई बेटी गोल्ड मेडल लाता है तो पूरे क्षेत्र को गर्व महसूस होता है काजल साहू के निज निवास पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू अनिल साहू भाजपा नेता कुमार साहू समाज सेवक सरपंच प्रतिनिधि धुरसा थानेश्वर साहू, सरपंच नरशु ध्रुव सहसपुर उपसरपंच छवि भारती धुरसा, दीपक ध्रुव सरपंच मुरमुरा, पी टी आई शिक्षक खिलेश्वर साहू मुरमुरा और पत्रकार उरेन्द्र साहू ने गुलदस्ता व श्रीफल भेंट कर बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की।

## अंचल में देवउठनी का पर्व पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

देवउठनी एकादशी का त्योहार रसेला सहित क्षेत्र में गन्ने की पूजा और तुलसी शालिग्राम विवाह के साथ बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस दिन गन्ने का विशेष महत्व होता है और इसे समृद्धि मिठास और शुभता का प्रतीक माना जाता है। लोगों ने घरों पर तुलसी चौरा को गन्ने के मंडप से सजाकर भगवान विष्णु के विधि विधान से पूजा-पाठ किया गया। इस पर्व पर शंकर कांदा,कोचाई का बड़ा ही महत्व होता है अधिकांश घरों में अपने ईष्ट देव की पूजन कर लाल कांदा,कोचाई व नए चांवल आटे से बने फरा का पारंपरिक पकवान बनाकर भोग लगाएं। इस दिन आदिवासी समाज के लोग अपने गौमाता को सोहाई बांधते हुए परंपरा निभाई गई। हरि प्रबोधिनी एकादशी को दीपावली जैसा माहौल रहा। सभी घरों में युवतियों, महिलाओं व बालिकाओं ने घर आंगन में रंगोली सजाई गई। शाम होते ही बच्चों और युवाओं ने पटाका जलाकर आनंद



लिया। दीपावली के उपरांत सुस्त हो चुके बाजार में फिर से थोड़ी तेजी देखने को मिली। तुलसी विवाह के लिए भगवान विष्णु या शालिग्राम की प्रतिमा पर लाल वस्त्र और माता तुलसी के लिए लाल चुनरी, पूजा की चौकी,कलश और आम के पत्ते,जल, गंगाजल, श्रृंगार सामग्री,फल,केले के पत्ते, हल्दी की गांठ, धूप, चंदन, नारियल, कपूर, रोली,घी आदि शालिग्राम और तुलसी माता को अर्पित किया गया। तुलसी की पूजा अर्चना के पश्चात ताली बजाते हुए उठो उठो देवनारायण कहा कर तुलसी चौरा को सात बार परिक्रमा कर देवों को जगाया। वैदिक रीति से पूजा के बाद परिजनों और पड़ोसियों को प्रसाद के रूप में गन्ना, सिंघाड़ा,फल व मिठाइयां बांटी गई। छोटे बच्चों ने जहां फूलझड़ी,अनार,लाइट जलाया। वहीं युवाओं ने बम पटाके फोड़े। रसेला समेत अंचल में देर रात तक आतिशबाजी होती रही। यह त्योहार चातुर्मास की समाप्ति और सभी शुभ कार्यों, जैसे शादी विवाह, गृह प्रवेश आदि के फिर से शुरू होने का प्रतीक है।

## धूमधाम से मनी श्री श्याम खाटू वाले बाबा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

श्री श्याम खाटू वाले बाबा जयंती के अवसर पर जैन रेस्टोरेंट के संचालक विजय मुकेश जैन द्वारा भंडारा का आयोजन कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन में श्याम भक्त परिवार के सदस्य विजय जैन, मुकेश जैन, चुलबुल अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, अजय गुप्ता, संदीप अग्रवाल, रवि अग्रवाल , हर्ष अग्रवाल, सौरभ शर्मा, राजा चावला, सोंटी जैन, रेशम हुंदल, भानु साहू, रूपेंद्र चंद्राकार, मनराज चावला विनय अग्रवाल, विकास अग्रवाल, कुलदीप सिंह, मिथिलेश, गोपाल, कबीर, लकी उपस्थित थे। भजन की प्रस्तुति विक्रांत सुरेशे एवं टीम द्वारा किया गया।



## मैनपुर में देव उठनी एकादशी धूमधाम से मनया गया

**मैनपुर।** देव उठनी एकादशी पर्व तुलसी पूजा धूमधाम के साथ मनाई गई। लोगों ने अपने घरो में गन्ने का मंडप बनाकर भगवान सालिकराम के साथ तुलसी जी का विवाह किया गया और वहीं पूजा अर्चना के पश्चात माता तुलसी को कई प्रकार के भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इसी के साथ ही आज से मांगलिक कार्य जैसे शादी विवाह प्रारंभ हो जायेगे, देव उठनी पर्व मे क्षेत्र मे लोगों ने अपने अपने कुल देवता व देवी की पूजा अर्चना करते हुए चावल आटे से बने दिपक जलाकर सुख, शांति, समृद्धि की कामना की।



वहीं छोटी दिवाली के अवसर पर घरोघर दूध फरा, छत्तीसगढी व्यंजन ठेठरी, खुरमी, अरसा, बडा, सहित छत्तीसगढ़ी पकवानों की धूम देखने को मिली। शाम से देर रात तक चारों तरफ पटाखे की आवाज सुनाई देती रही। रंग-बिरंगी आतिशबाजी से पूरा आसमान जगमगाने लगा। देव उठनी एकादशी पर घर –घर पूजा अर्चना के लिए आज गन्ना, सिंघाडा, शकरकंद, फल -फूल व पूजा सामाग्री की खुब मांग रही। वहीं जमकर पटाखे भी बिके गन्ना 30 रूपये से 60 रूपये तक बिका बाजार में अच्छी चलह पहल रही।

**कार्यकर्ता ने अपने खर्च से दरवाजा लगवाया**

# आंगनबाड़ी भवन अधूरा, पूरी राशि आहरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में निर्माण कार्यो की मॉनीटरिंग करने वाला जिम्मेदार अधिकारियो के निक्रियता और लापरवाही के चलते निर्माण एजेंसी द्वारा आधे अधुरे निर्माण कार्यो को अंजाम देकर पूरी राशि आहरण कर लिया जा रहा है और इसकी शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही नही हो रही है। ऐसी ही एक चौकाने वाला मामला ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम डुमरघाट से आया है जहां आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए लाखो रूपये सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया आंगनबाड़ी भवन का आधा अधुरा निर्माण कर संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा पूरी राशि का आहरण किया जा चुका है और बकायदा मूल्यांकन और भौतिक सत्यापन भी संबंधित अधिकारियो के



द्वारा टेबल पर बैठकर कर दिया गया है जिसका खामियाजा आंगनबाड़ी के छोटे–छोटे बच्चों को भुगतना पड़ रहा है इस आंगनबाड़ी में 15 बच्चे है

### कलेक्टर से जांच की मांग

ग्राम के ग्रामीणों ने इस मामले की जॉच की मांग गरियाबंद के कलेक्टर भगवान सिंह उइके से करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी से राशि वसूलने और संबंधित अधिकारियो पर कार्यवाही की मांग की है।

और यहां के भवन अधुरा छोड़ दिया गया जिसमें दरवाजा नही लगाया गया और तो और कीचन में फ्लोरिंग नही किया गया तथा शौचालय का निर्माण अधुरा छोड़ दिया गया यहां के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने स्वयं के खर्च से दरवाजा लगवाया है ताकि यहां के बच्चे और समाग्री सुरक्षित रहे साथ ही फ्लोरिंग नही करने के कारण इसे मिट्टी से फ्लोरिंग कर कार्य चलाया जा रहा है इस आंगनबाड़ी को गैस चूल्हा सिलेंडर भी नसीब नही हुआ है धुआ कमरे के अंदर भर जाता है छोटे–छोटे बच्चो को भारी परेशानी होती है।




